‘गृहमंत्री अन्वेषण उत्कृष्टता पदक’ 2021

चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2021 को राजस्थान के उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार सहित प्रदेश के 9 पुलिसकर्मियों को वर्ष 2021 के लिये **गृहमंत्री अन्वेषण उत्कृष्टता पद**’ प्रदान किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इस **पदक की स्थापना वर्ष 2018** में की गई थी, जिसका उद्देश्य अपराधों की जाँच में उच्च प्रोफेशनल मानकों को प्रोत्साहित करना तथा उत्कृष्ट अन्वेषण करने वाले जाँच अधिकारियों की मेहनत को पहचान देना है।
- उल्लेखनीय है कि **‘गृहमंत्री अन्वेषण उत्कृष्टता पदक’** प्राप्त करने वाले अनंत कुमार राजस्थान में इंडियन मुजाहिदीन की आतंकी गतिविधियों से जुड़े 12 आतंकियों की जाँच के केस में राजस्थान एटीएस के तत्कालीन जाँच अधिकारी रहे थे। दिल्ली एटीएस की सूचना पर राजस्थान एटीएस ने 28 मार्च, 2014 को एफआईआर दर्ज करके इन आतंकियों की जाँच शुरू की थी।
- अनंत कुमार और उनकी टीम ने उच्च प्रोफेशनल मानकों को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट अन्वेषण किया तथा उन 12 आतंकियों को पकड़ने में कामयाबी पायी। इस मामले में उन 12 आतंकियों को आजीवन कारावास और जुर्माने की सज़ा हुई थी।
- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार के साथ डिप्टी एसपी सुरेश शर्मा, इंस्पेक्टर अनिल डोरिया, इंस्पेक्टर दिनेश लखावत, इंस्पेक्टर दरज्या राम, इंस्पेक्टर अशोक आंजना, डीसीपी धर्मेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, हेड कॉन्स्टेबल भवानी सिंह को भी गृहमंत्री अन्वेषण उत्कृष्टता पदक 2021 प्रदान किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/home-minister-excellence-medal-for-investigation-2021